बिगड़ी मेरी बनादे

बिगड़ी मेरी बनादे दुखड़े मेरे मिटा दे,
बाबा ओ खाटू वाले बाबा ओ खाटू वाले,

कलयुग का तू देव है साचा, महिमा तेरी निराली,
जो भी आए दर पे तेरे, नही जाए वो खाली,
तेरे दर पे मांगने आया,करदो कृपा महा दानी,
सुनले ओ नीले वाले, मुझे अपना तू बना ले,
बाबा ओ खाटू वाले..........

हार गया हूं इस दुनिया से, कोई ना देता सहारा,
स्वारथ के है रिस्ते नाते, कोई नही है हमारा,
तेरी प्रीत के आगे बाबा खुद को रोक ना पाया,
हारे का तू सहारा, बन जा मेरा किनारा,
बाबा ओ खाटू वाले....

आस लगी है था सु बाबा, अब तो बेगा आओ,
इस अंधियारे मन मे बाबा, प्रीत की ज्योत जगाओ,
चेतन बाबा ,तेरा दीवाना चाहे तुझको रिझाना,
इन आखो के ये आंसू, करते बया ये था सु,
बाबा ओ खाटू वाले........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4000/title/bigadi-meri-bnade-dukhade-mere-mita-de-baba-o-khatu-vale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |